केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भेंट के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति का संबोधन

राष्ट्रपति भवन 02.04.2018

युवा और प्रतिभावान इंजीनियरों से परिपूर्ण इस कक्ष को देखकर मुझे प्रसन्नता हुई है। मैं राष्ट्रपति भवन में आप सभी का स्वागत करता हूं और इंजीनियरी सेवा में आपके चयन पर आपको बधाई देता हूं। मुझे बताया गया है कि आप सिविल, मैकेनिकल और इलैक्ट्रिक इंजीनियर हैं, जिनपर दो अति महत्वपूर्ण संगठनों-केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अवसंरचना परियोजनाओं और प्रमुख तकनीकी कार्यों के प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। इंजीनियरी सेवाओं में आपका चयन, वास्तव में, आपके और आपके परिवारों के लिए एक उपलब्धि है।

2. अपनी-अपनी सेवाओं के माध्यम से आपको राष्ट्र सेवा के लिए एक विशाल मंच उपलब्ध होगा। आप सभी वास्तव में देश के विकास और प्रगति की रूप-रेखा तैयार करेंगे। इंजीनियरी सेवा परीक्षा में आपकी सफलता पर खुशी मनाने का मेरे लिए एक प्रमुख कारण यही होना चाहिए।

3. आपमें से जो अधिकारी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में शामिल हो रहे हैं, उन्हें देश के सार्वजनिक ढांचे के निर्माण में इस संगठन के इतिहास पर गर्व होना चाहिए। हमारी स्वतंत्रता के बाद, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने राष्ट्र निर्माण के कार्य में अगुवाई की। कृषि, उड्डयन भूतल परिवहन और दूरसंचार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भौतिक अवसंरचना का निर्माण इसने किया। सार्वजनिक कार्यालयों, रिहायशी परियोजनाओं तथा सड़क व फ्लाइओवरों के निर्माण में

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग की भूमिका से हम सभी परिचित हैं। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़बंदी और रोशनी की व्यवस्था से जुड़ी परियोजनाएं तथा अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सीमा सड़कों के निर्माण की भावी परियोजनाएं भी उतनी प्रशंसनीय हैं।

4. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने अपनी परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्र के करोड़ों नागरिकों के जीवन को स्पर्श किया है। हम राष्ट्रपति भवन में प्रतिदिन केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को कार्य करते देखते हैं क्योंकि यह इस राष्ट्रीय भवन के रखरखाव और व्यवस्था के लिए कार्य करता है। इस वर्ष जनवरी में, हमने राष्ट्रपति भवन के अग्रभाग में गतिशील प्रकाश व्यवस्था की शुरुआत की। इस परियोजना का प्रबंधन भी केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने किया है।

5. मुझे बताया गया है कि आपमें से 26 अधिकारियों ने केन्द्रीय इंजीनियरी सड़क सेवा में कार्यभार ग्रहण किया है। सड़क सेवा वास्तव में, कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। सरकार के अवसंरचना विकास उपक्रम का यह एक प्रमुख हिस्सा है। सड़कें हमारे जीवन तथा हमारे राष्ट्र के भविष्य पर प्रभाव डालती हैं। गुणवत्तापूर्ण सड़क अवसंरचना औद्योगिक विकास, व्यापार और वाणिज्य, रोजगार सृजन तथा संतुलित क्षेत्रीय विकास का आधार है। सड़कों से किसानों को किसी बड़ी मण्डी में बेहतर कीमत पर अपनी पैदावार बेचने के लिए संयोज्यता मिलती है। ईंधन और समय की बचत, राष्ट्रीय रक्षा तथा यातायात और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी सड़कें महत्वपूर्ण है। आप सभी का दायित्व यह सुनिश्चित करने का है कि उच्च गुणवत्ता वाले राजमार्गों और सड़कों के नेटवर्क के ज़रिए हम आंतरिक तौर पर और अपने पड़ोसी देशों के साथ बाहरी तौर पर अधिकाधिक जुड़ते चले जाएं।

6. मैं आपमें से हर एक अधिकारी से आग्रह करता हूं कि, हमारी अवसंरचना परियोजनाओं के भावी अगुआओं के रूप में, आप अपना इंजीनियरी कार्य सामाजिक चेतना के साथ करें। उदाहरण के लिए, यह सुनिश्चित करें कि आप जो भी कार्यालय, आवास या सड़क या सार्वजनिक अवसंरचना सुविधा का निर्माण करें, वे हमारे दिव्यांग नागरिकों के लिए सुगम्य हों। भले ही, इस बारे में औपचारिक नियम मौजूद हों, परंतु जमीनी स्तर पर परियोजनाओं में सुगम्यता सुनिश्चित करने के और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। इस पहलू को किसी अवसंरचना परियोजना में अतिरिक्त सुविधा के रूप में नहीं बल्कि नियोजन व कार्यान्वयन के अभिन्न हिस्से के रूप में शामिल करना चाहिए।

7. युवा इंजीनियर होने के नाते, आप सभी को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और ऊर्जा दक्षता के लाभों की पूरी जानकारी है। आप सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जो इमारतें, सड़कें और अन्य आधारभूत अवसंरचनाएं आप बनाएं, वे ऊर्जा दक्ष और पर्यावरण अनुकूल होनी चाहिए। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने 'शून्य' ऊर्जा खपत वाले विशुद्ध हरित भवनों के निर्माण की दिशा में शुरुआती कदम उठाए हैं। उसे यह सुनिश्चित करने का कठोर प्रयास करना चाहिए कि हरित भवन एक परिपाटी बन जाएं। मुझे विश्वास है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भी अपनी भिन्न-भिन्न परियोजनाओं को अमल में लाते समय पर्यावरणीय पहलुओं को उत्तरोत्तर महत्व देता रहेगा।

8. आप सभी ऐसे संस्थानों में शामिल हुए हैं जिन्होंने आपको राष्ट्र की सेवा करने और प्रतिदिन करोड़ों नागरिकों के जीवन को स्पर्श करने का अनूठा अवसर प्रदान किया है। यदि आपको कभी संदेह हो कि आप राष्ट्र व समाज के लिए क्या कर सकते हैं तो आपको श्री एम. विश्वेश्वरैया और श्री ई. श्रीधरन जैसे महान तकनीकीविदों का ध्यान करना चाहिए। उनकी तरह

आप भी नवाचार की भावना पुष्ट करें तथा चुनौतियों के बीच समाधानकर्ता के रूप में उभरें। सकारात्मकता की भावना के साथ अपना कर्तव्य निभाएं और जीवन जीएं जिससे आप अपने कार्य स्थलों के साथ-साथ संपूर्ण समाज में सार्थक बदलाव ला सकें।

9. मैं आप सभी को आपके दीर्घकालिक और संतुष्टिपूर्ण कॅरियर के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद

जय हिन्द।